हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

11 बागबाहरा के चौक-चौराहों में मास्क लाइट का उद्घाटन



12 क्षेत्र में दो दिनों से आषाढ़ में लगी सावन की झड़ी



## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम दुधिपाली पुलिया के पास मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया। बसना पुलिस ने बताया कि 7 जुलाई को महेंद्र कोसरिया उर्फ मोनू अपनी मोटर सायकल पल्सर क्र सीजी 28 आर 1151 से बसना के सुभाष सहिस के साथ काम से ओडिशा गया था और वे दोनों 8 जुलाई की रात को बसना वापस आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम दुधीपाली पुलिया के पास बसना की ओर से आ रहे टाटा मिनी ट्रक क्र ओडी जेड 7769 के चालक बृहस्पति सेठ द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर कर दिया जिससे महेंद्र की मौत हो गई और सुभाष सहिस के हाथ पैर में चोट लगी है जिसे रायपुर रेफर किया गया है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शिक्षक के स्थानांतरण से ग्रामीण नाराज

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम अनवरपुर प्राथमिक शाला में युक्तियुक्तकरण के तहत एक शिक्षक की व्यवस्था की गई थी। लेकिन, 48 घंटे के भीतर ही विभाग ने आदेश निकालकर शिक्षक को ग्राम पेंड्रा स्कूल स्थानांतरण कर दिया। इससे पालकों और ग्रामीणों में आक्रोश है। शिक्षक के स्थानांतरण के बाद यहां फिर शिक्षक की समस्या खड़ी हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार अनवरपुर स्कूल में पूर्व में वर्षों से शिक्षक की कमी बनी हुई थी। फलस्वरूप यहां कुल दर्ज संख्या में भी लगातार गिरावट हो रही थी। शिक्षकों की कमी के चलते लगातार इस स्कूल से बच्चे अपना स्थानांतरण अन्य स्कूल में करा रहे थे।

# तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण बारिश में बना राहगीरों के लिए परेशानी का कारण

## किनारे के गढ्डों में डाली जा रही मिट्टीयुक्त मुरुम, गिरकर लोग हो रहे घायल, फंस रहे हैं वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सुगम आवागमन के लिए महासमुंद जिला मुख्यालय से तुमगांव तक जारी चौड़ीकरण का कार्य राहगीरों को आगामी भविष्य में राहत देगा लेकिन, वर्तमान में भारी बारिश के बीच सड़क के दोनों ओर खुदाई के बाद मिट्टी वाली मुरुम डाले जाने से लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। दरअसल, बारिश के कारण दोनों ओर सड़क के किनारे काफी फिसलन होने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य धीमी गति से हो रहा है वहीं, बारिश के मौसम में यह कार्य लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है।



### हरे भरे पेड़ों की चढ़ रही बली

तुमगांव से महासमुंद तक चौड़ीकरण कार्य में सालों पुराने हरे-भरे वृक्षों को काटा जा रहा हैं। आसपास के ग्रामीणों ने जिन्होंने इन पेड़ों को अपने सामने पौधरोपण से बड़ा होते तक देखा है उन्हीं के सामने पेड़ों को काटे जाने से काफी आहत हैं। इस मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में छोटे-बड़े हरे-भरे वृक्षों को जड़ से काटकर अलग किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि काफी अर्से से महासमुंद से तुमगांव मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। शासन द्वारा कार्य स्वीकृत होने के बाद सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इसका भूमिपूजन किया गया। कुल 19.86 करोड़ रुपए की लागत से 9.65 किलोमीटर लंबाई तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य होगा। इसमें पुल, पुलिया सहित चौड़ीकरण कार्य शामिल है। तुमगांव की ओर से पुल-पुलिया के साथ सड़क चौड़ीकरण का निर्माण कार्य जारी है। वहीं, महासमुंद की ओर से भी यह निर्माण कार्य जारी है। सड़क के दोनों ओर खुदाई के बाद समतलीकरण के लिए मिट्टी युक्त मुरुम डाला जा रहा है, जो बारिश होने पर कीचड़ में तब्दील होने से वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनी हुई। कई राहगीर फिसल कर गिरने से चोटिल हो रहे हैं।


## अच्छी खबर : बारिश के प्रभाव से कोडार बांध का सुधरा जल स्तर

# लगातार हो रही वर्षा से जिले के 17 छोटे बांध हुए लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में लगातार हो रही बारिश जहां शहरी क्षेत्र में लोगों के लिए आफत की बारिश साबित हो रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त बारिश के चलते खेती किसानी में जुटे लोग काफी प्रफुल्लित हैं। नदी नाले उफान पर है वहीं बांधों के जलस्तर में भी सुधार हो रहा है। जिसके आने वाले दिनो में सिचाई के लिए पानी की जरूरत पूरी हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि 9 दिन पहले की तुलना में वर्तमान में जिले के 17 छोटे जलाशय लबालब हो चुके हैं वहीं लगातार बारिश के कारण जिले के



सबसे बड़े जलाशय शहीद वीरनारायण सिंह बांध (कोडार बांध ) के जल स्तर

में भी सुधार हुआ है। कोडार जलाशय में जलस्तर बढ़ने से आसपास के गांवों में भी पानी की आपूर्ति में सुधार होगा। बता दें कि कोडार का जलस्तर बागबाहरा तहसील में होने वाली बारिश पर निर्भर रहता है। इस क्षेत्र में होने वाली अच्छी बारिश से कोडार लबालब होता है। बता दे कि महासमुंद तहसील में कोडार डेम का पानी खरीफ फसल सिचाई के लिए महत्वपूर्ण होता है। कोडार जलाशय की सिंचाई क्षमता 16,754 हेक्टेयर है, जो मुख्य रूप से खरीफ फसल के लिए है। बांध से नहरों के माध्यम से पानी 49 गांवों में 16,754 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया जाता है।

### मंगलवार को 25.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से अब तक 274.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 326.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 297.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 281.8 मिलीमीटर, बसना में 257.4 मिलीमीटर, बागबाहरा में 257.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 225.4 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 08 जुलाई को 25.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 36.0 मिलीमीटर, महासमुंद में 32.0 मिलीमीटर, कोमाखान में 25.9 मिलीमीटर, बागबाहरा में 22.6 मिलीमीटर, बसना में 18.1 मिलीमीटर एवं सरायपाली तहसील में 15.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# दंपत्ति को बंधक बनाकर चाकू की नोंक पर घर घुसकर लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बेखौफ हो रहे अपराधी अब हथियार की नोंक

- सरायपाली थाना क्षेत्र की घटना में तकरीबन सवा लाख नगद और जेवर की लूट

पर घर घुसकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। सामने आया मामला जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिजातीपाली का है जहां आधी रात को नकाबपोश लुटेरों ने एक घर में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिजातीपाली निवासी संतराम पटेल ने पुलिस को बताया कि रविवार के रात्रि वह अपने घर का दरवाजा-खिड़की बंद कर अपने पत्नी के साथ एक कमरा में मच्छरदानी लगाकर सोया था। रात्रि लगभग 3:15 बजे लघुशंका करने उठा और फिर सो गया। लेकिन, इसी दौरान लगभग 3:30 बजे दो अज्ञात उनके कमरा में नजर आए और मच्छरदानी को खींचकर उसे जगाया। अचानक उसके सामने दो अज्ञात व्यक्ति नजर आए, जिन्होंने काले रंग के कपड़े और नकाब लगाये हुए थे, इसमें से एक व्यक्ति चाकू तथा पिस्तौल जैसा कोई सामान पकड़ा था, जिससे उससे मच्छरदानी को फाड़ दिया।

इसके बाद अज्ञात व्यक्तियों ने संतराम को पकड़कर परछी में रखे तखत में लाकर बैठा दिया और पीछे तरफ से उसके दोनों हाथों को खाकी रंग के सेलो टेप से लपेटकर बांध दिया। दूसरे व्यक्ति ने संतराम की पत्नी को डरा-धमका कर पहने हुए सोने की माला 20 वर्ष पुरानी इस्तेमाली को निकाल लिया और दोनों को परछी के तखत के पास धमकाने लगे कि किसी को घटना के संबंध में बताओगे तो ठीक नहीं होगा कहकर वहां से चले गये। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन की जांच कर रही है।

### जेवर और नगदी की लूट

डर की वजह से संतराम की पत्नी ने सोने की माला और 6 ग्राम वजनी सोने की लटकन भी लुटेरों को सौंप दी। इसके बाद आरोपी छत की ओर से भाग निकले। पीड़ितों ने बाद में देखा कि दूसरे कमरे में रखी आलमारी से 60,000 रुपये नकद भी गायब है।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच शुरू

महासमुंद सरायपाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 309(6) और 331(6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लूट की कुल राशि लगभग 85 हजार आंकी गई है।

## सड़क के लिए तरस रहा कुदारीबहारा



**बसना।** गांव गांव तक पहुंच मार्ग बनाने के दावों को झूठा करार देते हुए जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान ने कहा है कि कुदारीबहारा कटेल के ग्रामीणों ने भी सड़क की मांग को लेकर सुशासन तिहार में आवेदन दिया था, जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ। प्रधान ने सड़क समस्या को देखते हुए कहा कि शासन ग्रामीणों की परेशानी का जल्द समाधान निकाले नहीं तो ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# पुस्तक वितरण के चलते तिमाही परीक्षा की तैयारी को लेकर संशय

## 75 दिनों का कोर्स अब करना होगा माह भर में ही पूरा, उस पर पुस्तकों की कमी भी आ रही आड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में पुस्तक वितरण का कार्य अब तक पूरा नही हो पाया है वहीं माह भर के बाद स्कूलों में तिमाही परीक्षा ली जानी है। प्रतीत हो रहा है कि जुलाई माह भी पुस्तक वितरण की भेंट चढ़ जाएगा। ऐसे में तिमाही परीक्षा की तैयारी कैसे होगी यह सवाल सामने आ रहा है। क्योंकि, अब प्राइवेट स्कूलों में भी पुस्तकों का वितरण किया जाना है।

जिले के सरकारी व प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के लिए शिक्षण सत्र चालू होने के 23 दिन बाद भी किताब नहीं मिली है। बता दें कि जिले में सरकारी स्कूलों में पुस्तक वितरण के लिए कुल 1,768 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल हैं। जिनमें 1,07,366 छात्र हैं, इनमें से 63,042 छात्र प्राथमिक स्कूलों में और 44,324 छात्र माध्यमिक स्कूलों में हैं। दरअसल अब तक जिले में मांग के अनुरूप पूरी किताब ही नहीं पहुंच पाई है। ऐसी स्थिति में स्कूलों में शिक्षक व छात्र दोनों को 75 दिनों के कोर्स को 30-35 दिनों में पूरा करने की मजबूरी रहेगी।

शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार देखा जाए तो सितंबर माह में तिमाही परीक्षा कराया जाता है, जिसके लिए पूरे सिलेबस का करीब 30-35 प्रतिशत कोर्स पूरा करना होता है। 16 जून को नया शिक्षण सत्र शुरू हो जाती है। ऐसी स्थिति में जून माह का 15 दिन, जुलाई व अगस्त का पूरा माह के हिसाब से 75 दिनों का समय 30-35 प्रतिशत कोर्स को पूरा करने के लिए मिलता है, लेकिन इस बार तो जून का 15 दिन निकल गया और जुलाई का भी एक सप्ताह निकल चुका है।

देखा जाए तो काफी कम संख्या में किताब पहुंच पाई है, जिसके कारण यह माना जा रहा है कि जुलाई का पूरा माह भी किताबों के वितरण में निकल जाएगा। इसके बाद अगस्त का जुलाई के पहले पखवाड़े के भीतर अगर किताब पूरी संख्या में पहुंच भी जाती है तो इस बार किताबों में दिए गए बारकोड को स्कैन करने में करीब सप्ताह भर का समय लग जाएगा और वितरण में सप्ताह भर का समय लगेगा। कुल मिलाकर जुलाई का पूरा माह निकल जाएगा।

### सभी छात्रों के पास नहीं है किताब

विभाग के अधिकारी भले ही यह दावा कर रहे हैं कि पुरानी किताबों से अध्यापन का कार्य शुरू करा दिया गया है। लेकिन, छात्रों की संख्या के हिसाब से हर स्कूल में पुरानी किताब पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं है।

### प्राइवेट स्कूलों में भी हो पुस्तकों का वितरण

अब तक देखा जाए तो डिपो से जिले के सरकारी स्कूलों को किताब वितरण किया जा रहा था। प्रायवेट स्कूलों को भी वितरण शुरू किया जाना, जबकि पर्याप्त संख्या में अब तक जिले में किताब आई ही नहीं है।





### पुस्तकों के नाम बदले

कक्षा पहली और दूसरी की गणित पुस्तक को आनंदमय गणित नाम दिया गया है। दूसरी कक्षा की अंग्रेजी पुस्तक अब मृदंग कहलाएगी। तीसरी कक्षा की हिंदी को वीणा, अंग्रेजी को संतूर, गणित को गणित मेला, और पर्यावरण को हमारा अद्भुत संसार नाम दिया गया है। इसके अलावा तीसरी कक्षा में अब कला शिक्षा को भी एक नया विषय के रूप में शामिल किया गया है, जिससे बच्चों के सृजनात्मक कौशल को बढ़ावा मिलेगा अब तीसरी कक्षा में चार नहीं, पांच कालखंड होंगे, जिससे अध्ययन में संतुलन बनाया जा सके।

## आवेदन करने के महीनों के बाद भी पात्र हितग्राहियों को खाते में नहीं आई राशि

# पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल रहा मातृ वंदना योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ पात्र महिलाओं को नहीं पा रहा है। केंद्र सरकार की इस महती योजना से हजारों पात्र हितग्राही वंचित हो रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के कई महीनों बाद भी उनके खाते में संबंधित विभाग द्वारा राशि नहीं भेजी जा रही है। इस योजना के तहत दो किश्त राशि मिलती है, इसमें कई ऐसे हितग्राही भी शामिल है, जिन्हें प्रथम किश्त की राशि नहीं मिल पाई है। अब हितग्राही आंगनबाड़ी केंद्र और च्वाइस सेंटरों का चक्कर लगा रहे हैं। केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा माताओं को पहली बार गर्भवती होने पर उनके बैंक खाते में पोषण के लिए पांच हजार रुपए सहायता राशि प्रदान करती है। इस योजना के तहत सभी आय वर्ग की गर्भवती महिलाओं को पात्र बनाया गया है। यह योजना देश के सभी जिले में



लागू है। योजना के तहत पात्र गर्भवती महिलाओं को पहली किस्त में 3 हजार रुपए एवं दूसरी किस्त 2 हजार रुपए प्रसव के बाद व शिशु का टीकाकरण चक्र पूरा होने पर मिलते हैं। किंतु, महासमुंद जिले में यह स्थिति विपरीत है। यहां दूसरा तो छोड़िए, प्रथम किश्त की सहायता राशि पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल पा रही है।

### डीबीटी के माध्यम से होता है भुगतान

इस योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में अपना आधार व बैंक खाता नंबर देना होता है। जहां से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इसे च्वाइस सेंटरों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया करवाते हैं। यह राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे पहुंचते है।

### एक माह के भीतर ही आ जाती है राशि

जानकारी के अनुसार आनलाइन फार्म भरने के बाद यह राशि एक माह के भीतर पात्र हितग्राही के खाते पहुंच जाती है। लेकिन, जिले में 3-4 महीना बीतने के बाद भी अनेक पात्र हितग्राहियों को खाते में यह राशि नहीं आई है। इसकी जानकारी लेने हितग्राही आंगनबाड़ी केंद्र व च्वाइस सेंटरों में पहुंच रहे हैं। जहां आवेदन प्रक्रिया पूर्ण बता रहे है। लेकिन, विभाग से ही खाते में राशि नहीं आ रही है।

# घर से सागौन चिरान जब्त



**महासमुंद।** वन विभाग ने तुमगांव पुलिस के सहयोग से एक घर से 70 हजार रुपए कीमती सागौन चिरान लकड़ी जब्त की है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर एचआर पैकरा, एके खुमरी, लोकेश साहू, लोचन साहू, केके पटेल कोमल सिंह मरकाम, दीपिका पटेल, चंद्रहास साहू, क्षेत्र रक्षक होमलता मंडावी, चौकीदार जगदीश ध्रुव, चौकीदार संदीप ध्रुव, चौकीदार रामनाथ यादव की टीम ने तुमगांव पुलिस की मदद से रविन्द्र चंद्राकर के घर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई में उनके घर से सागौन चिरान 75 नग 0.418 घमी बरामद की गई। रविंद्र चंद्राकर चिरान के संबंध में कागजात नहीं दिखा पाया। बाद लकड़ियां जब्त की गई। जब्त सागौन चिरान का बाजार मूल्य 70 हजार रुपए बताया गया है।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट की बैठक 11 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र से पहले 11 जुलाई को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लग सकती है। बताया जाता है कि सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों को मंजूरी दी जाएगी।

### यशवंत को खेल एवं युवा कल्याण का अतिरिक्त प्रभार

रायपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी यशंवत कुमार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पूर्व में यह प्रभार हिमशिखर गुप्ता के पास था। श्री गुप्ता के शेष प्रभार यथावत रहेंगे। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्र के अनुक्रम में यशवंत कुमार को यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा जा रहा है। वर्तमान में वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं, यह प्रभार उनके पास रहेगा।

### जारी की जाए प्राचार्यों की संशोधित पदोन्नति सूची



रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग के पदोन्नति भर्ती नियम में संशोधन के लिए विभिन्न जिलों के लगभग 200 व्याख्याता लोक शिक्षण संचालनालय में एकजुट हुए। उन्होंने प्रधान पाठक पद पर वरिष्ठता प्रदान कर प्राचार्य पद की संशोधित पदोन्नति सूची जारी करने की मांग की। व्याख्याताओं ने कहा, प्रदेश के सैकड़ों व्याख्याता शिक्षक वरिष्ठ होते हुए भी पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं। शिक्षा सचिव ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

### खारुन किनारे विसर्जन कुंड के पास किया पौधारोपण



रायपुर। अपने माता-पिता की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर महामाया मंदिर के ज्योतिषी एवं भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बरगद, पीपल आदि पौधारोपण किया। यह पौधारोपण पं. शुक्ला ने अपने माता-पिता के साथ पूरे परिवार द्वारा खारुन नदी के किनारे विसर्जन कुंड के पास किया गया एवं उसके सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाकर सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है।

### बैकुंठ धाम के सामने कचरे का ढेर, बदबू ने बढ़ाई परेशानी



रायपुर। कोटा रोड स्थित बैकुंठ धाम के सामने अवैध रूप से कचरा संग्रहण किया जा रहा है, जिसके कारण आवागमन करने वालों को भारी बदबू का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित लोगों ने बताया कि सामने हनुमान मंदिर है, वहां तक आने वाली बदबू के कारण मंदिर में पूजा करना और मंदिर में पंडित का बैठना भी मुश्किल हो रहा है। साथ ही मंदिर आने-जाने वाले लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रहीं हैं। उन्होंने बताया कि पहले यहां पर आसपास के लोग योगाभ्यास करते थे, लेकिन आज यहां पर उठना-बैठना तक दूभर हो गया है।
स्थानीय लोग कई बार नगर निगम के अधिकारियों से इसकी शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद न यहां से कचरा हटाया जा रहा है और न ही नियामित साफ-सफाई की जा रही है।

# 5 लाख से ज्यादा महिलाएं हर महीने हो रहीं लाभान्वित, इनमें 1 लाख से ज्यादा धरसींवा-2 क्षेत्र की हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 5 लाख से ज्यादा महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इन सभी महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए का भुगतान किया जाता है।

जिले में सबसे ज्यादा लाभान्वित होने वाले क्षेत्र में धरसींवा-2 है, जहां एक लाख से अधिक हितग्राही इस योजना का लाभ उठा रही हैं। दूसरे नंबर पर तिल्दा क्षेत्र है, जहां 86 हजार से ज्यादा महिलाएं योजना का लाभ ले रही हैं। आरंग क्षेत्र में हितग्राहियों की संख्या सबसे कम है, यहां लगभग 39 हजार महिलाएं ही योजना से जुड़ी हैं। इसके अलावा अभनपुर में 71744, धरसींवा-1 में 57 हजार, मंदिर हसौद 72 हजार, रायपुर शहर-1 में 55 हजार एवं शहर-2 में 43 हजार महिला हितग्राहियों को प्रति माह एक हजार रुपए मिल रहा है।



रायपुर जिले में लाख से ज्यादा महिलाएं महतारी वंदन योजना में शामिल

### ग्रामीण की तुलना में शहरी क्षेत्र में ज्यादा हितग्राही

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित होने वाली पात्र महिलाओं में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों की संख्या ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी संख्या 2 लाख 65 हजार 449 है, वहीं शहरी क्षेत्र में 2 लाख 70 हजार 401 है। इस तरह शहरी क्षेत्र में लगभग 5 हजार महिलाएं हैं, जो इस योजना का लाभ ले रही हैं।

### सैकड़ों महिलाएं कतार में बहुतों के आवेदन लंबित

सूत्रों के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत अभी भी सैकड़ों की संख्या में आवेदन विभाग में लंबित हैं। बताया जा रहा है कि लंबित आवेदनों में ज्यादातर पहले चरण के बाद किए गए हैं, इसलिए इन आवेदनों को अभी लंबित रखा गया है।

इधर मृत्यु होने के बाद उसके परिजन तथा अपात्र सहित लगभग ढाई हजार हितग्रातियों के खातों में ट्रांसफर हो रही राशि को बंद कराया गया है। विभाग की जांच और भौतिक सत्यापन में इसका पता चला था। करीब 45 से 50 महिलाएं ऐसी भी हैं, जिन्होंने योजना का लाभ लेने आवेदन किया था, लेकिन कुछ महीनों के बाद स्वेच्छा से त्यागकर लाभ लेना बंद कर दिया है।

---

### पीएसी और कांग्रेस कार्यकारिणी की खड़गे एवं वेणुगोपाल ने ली बैठक

आगामी चार माह के कामकाज की रूपरेखा तय की गई

# कांग्रेस में 30 सितंबर तक जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर होंगी नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रदेश कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठकें लीं। पहली बैठक वरिष्ठ नेताओं की प्रदेश पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की तथा दूसरी बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की विस्तारित बैठक हुई। बैठक में यह तय किया गया कि जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर नियुक्तियां दो माह में पूरी कर ली जाएं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जनसभा के बाद वहां से सीधे राजीव भवन पहुंचे। वहां पर पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में प्रदेश कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों और नेताओं से चर्चा के दौरान संगठन के कामकाज के संबंध में जाना। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में नेताओं को एकजुट रहकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, भाजपा हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल भेजने की कोशिश कर रही है। उनके प्रयासों को सफल नहीं होने देना है। एकजुटता से इसका जमकर विरोध करें।




### सभी नियुक्तियों को करें पूरा

इन बैठकों में प्रदेश कांग्रेस के कार्यों, आंदोलनों की समीक्षा की गई तथा आने वाले 4 महीने में पार्टी के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हुई। 30 सितंबर तक पार्टी की जिला, ब्लॉक, मंडल स्तर तक सभी नियुक्तियों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।

**ब्लॉक कांग्रेस की बढ़ेगी संख्या**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले कुछ संगठनात्मक जिलों एवं ब्लाकों को जनसंख्या के अनुपात व भौगोलिक दृष्टिकोण के अनुसार विस्तृत क्षेत्रफल होने के कारण उन जिला एवं ब्लॉकों का पुनर्गठन कर जिला, ब्लॉक बढ़ाये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### बैठक का प्रमुख एजेण्डा

राज्य एवं केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर षड़यंत्रपूर्वक व दुर्भावनावश कांग्रेस नेताओं पर झूठे आरोप लगातार उन्हें जेल भेजा जा रहा है, तद्संबंध में चर्चा, राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बस्तर के संसाधन, लौह अयस्कों एवं सरगुजा संभाग के हसदेव अरण्य तथा रायगढ़ जिले के तमनार में गरीब आदिवासियों के जल, जंगल, जमीनों पर कब्जा कर एवं जंगल कटाई कर खनिज संसाधनों के दोहन करने के लिए अपने चहेते उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध नहीं कराने से किसानों में आक्रोश, युक्तियुक्तकरण के तहत 10463 स्कूलों को बंद किये जाने के एजेंडे पर चर्चा की गई।

### वनों की कटाई पर आंदोलन

तमनार के वन कटाई क्षेत्र के प्रभावितों के प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस इस मामले में जनआंदोलन छेड़ेगी।

### ये थे मौजूद

बैठक में एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, गुरदीप सिंह सप्पल, प्रणव झा, नवीन शर्मा, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एसए संपत कुमार, जरिता लैतफलांग, सहप्रभारी विजय जांगिड़, एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी, देवेन्द्र यादव, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहमद अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, मोहन मरकाम, अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, गुरू रूद्र कुमार, उमेश पटेल, अमरजीत भगत, अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, अरूण वोरा, विकास उपाध्याय, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, सेवादल प्रमुख अरूण ताम्रकार, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला उपस्थित थे।

# बलरामपुर में जमकर बरसे बेमेतरा बारिश को तरसा

- राज्यभर में खेती किसानी हुई तेज
- जून से अब तक 291.9 मिमी वर्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय राज्य के कई जिलों में उम्मीद से अधिक बारिश हो रही है, दूसरी ओर कुछ जिलों में लोग बारिश के इंतजार में हैं। हालांकि इस बीच राज्यभर में खेती किसानी की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 291.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 447.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 113.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

### जिलेवार बारिश का हाल

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 244.9 मि.मी., सूरजपुर में 394.7 मि.मी., जशपुर में 410.2 मि.मी., कोरिया में 371.0 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 281.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 192.5 मि.मी., बलौदाबाजार में 259.0 मि.मी., गरियाबंद में 230.4 मि.मी., महासमुंद में 249.3 मि.मी. और धमतरी में 233.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 276.0 मि.मी., मुंगेली में 318.5 मि.मी., रायगढ़ में 426.9 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 316.0 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 385.8 मि.मी., सक्ती में 323.3 मि.मी. कोरबा में 394.5 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 286.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 144.7 मि.मी., कबीरधाम में 195.7 मि.मी., राजनांदगांव में 140.9 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 353.2 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 160.8 मि.मी., बालोद में 198.9 मि.मी. और बस्तर जिले में 431.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। कोंडागांव में 248.5 मि.मी., कांकेर में 306.8 मि.मी., नारायणपुर में 304.9 मि.मी., दंतेवाड़ा में 385.0 मि.मी., सुकमा में 192.9 मि.मी. और बीजापुर में 412.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# कबीरधाम कलेक्टर ने खेद जताया, आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीरधाम जिले के कलेक्टर द्वारा एक कर्मचारी से उठक बैठक कराए जाने के मामले में खेद जताने के बाद आक्रोशित शासकीय कर्मियों ने आंदोलन स्थगित कर दिया है।

पिछले दिनों ये मामला सामने आने के बाद कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कर्मचारियों के साथ किए गए सार्वजनिक दुर्व्यवहार के विरोध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के समस्त जिलों में विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। फेडरेशन ने सरकार से मांग की थी कि उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराई जाए एवं संबंधित के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

फेडरेशन ने इस संबंध में जारी बयान में कहा है कि फेडरेशन के जिला संयोजक प्रताप चंद्रवंशी एवं प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्वजनिक रूप से चर्चा करते हुए फेडरेशन के प्रति अपनी बात स्पष्ट की गई तथा खेद प्रकट किया गया। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी। इस घटनाक्रम के बाद फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, जीआर चंद्रा, रोहित तिवारी एवं संजय सिंह ठाकुर ने संयुक्त रूप से यह घोषणा की है कि चूंकि कलेक्टर द्वारा खेद व्यक्त कर लिया गया है, इसलिए इस प्रकरण के विरोध में प्रस्तावित आगामी चरण के आंदोलन को स्थगित किया जाता है।



- कर्मी से कराई थी उठक बैठक
- फेडरेशन ने आंदोलन की चेतावनी दी थी

# नए नियमों से बिल्डरों पर कसेगा शिकंजा, अवैध प्लाटिंग पर लगेगी रोक, बेचकर भी किसान-खरीदार का रहेगा पार्टनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए नया कानून लाया गया है। इसके तहत कई नए नियम लागू किए गए हैं। इन नियमों से बिल्डरों पर शिकंजा भी कसेगा। इन नियमों के लागू होने के बाद कोई भी अवैध प्लाटिंग कर नहीं पाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान रहेगा। अब तक देखा गया है कि बिल्डर किसी भी किसान की जमीन कम दर पर खरीदकर वहां कालोनी या फिर अन्य प्रोजेक्ट लाकर उस जमीन के जरिए जमकर मुनाफा कमाता है, लेकिन नए नियम के तहत जमीन बेचने के बाद किसान का जमीन पर हक जरूर नहीं रहेगा, लेकिन उस जमीन पर अगर कोई कालोनी या प्रोजेक्ट संबंधी कोई प्रस्ताव बिल्डर बनाता है, तो इसके लिए पहले उसे संबंधित जमीन के किसान से भी सहमति लेनी होगी। उसकी सहमति के साथ बिल्डर को उस जमीन पर नया कार्य शुरू करने की अनुमति मिल पाएगी। इस तरह अपनी जमीन बेचने के बाद भी किसान उस जमीन के खरीदार का पार्टनर की तरह जुड़ा रहेगा, जिससे उसे लाभ भी मिलेगा।




### किसानों को भी मिलेगा फायदा

नए नियमों से कृषि भूमि बेचने वाले किसानों को भी फायदा होगा। जमीन बेचने के बाद भी एक प्रकार से वे खरीदार या बिल्डर के पार्टनर की तरह होंगे, क्योंकि उस जमीन पर कोई भी कालोनी का निर्माण या प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए उनकी सहमति वाले आवेदन को ही अनुमति मिलेगी। इससे जमीन बेचने के बाद भी किसान को भी लाभ मिलेगा।

**- विनीत नायर,**
उप संचालक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

### दावा-आपत्ति, सुझाव का अंतिम दिन आज

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट ने छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 के तहत प्लाटिंग करने के नियमों में बदलाव किया है। इस संबंध में दो सप्ताह पहले अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इन नियमों को पूरे राज्य में लागू किया जाना है। रायपुर जिले में इसे लागू करने के लिए दावा-आपत्ति एवं सुझाव भी मंगाए गए थे, जिसका मंगलवार को अंतिम दिन है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नए नियमों के लिए दावा-आपत्तियों के साथ कुछ सुझाव भी आए हैं। उनका कहना है कि अंतिम दिन के बाद ही वे बता पाएंगे कि कुल आपत्ति एवं सुझाव कितने आए हैं। अधिकारियों का यह भी कहना है, आपत्तियों का निराकरण एवं सुझाव पर विचार शासन स्तर पर किया जाएगा। इसके बाद ही नए नियम लागू किए जाएंगे।

### दूसरे जिलों से भी मंगाई गई है दावा-आपत्ति व सुझाव

सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के तहत दूसरे जिलों में भी दावा-आपत्ति एवं सुझाव मांगे गए हैं। इन सभी जिलों से आपत्ति एवं सुझाव आने के बाद इनका परीक्षण किया जाएगा, जो आपत्तियां सही होंगी, उनका निराकरण भी किया जाएगा।

### नए कानून में इन नियमों का करना होगा पालन

प्लाटिंग करने वालों को कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक शुल्क अदा करना होगा, जिससे सरकार का राजस्व बढ़ेगा। साथ ही कृषि जमीन पर अवैध प्लाटिंग का काम बंद भी हो जाएगा। अभी तक बिल्डर या भू-माफिया कोई भी कृषि भूमि को क्रय करने के बाद प्लॉट काटना शुरू कर देते थे, लेकिन नए नियम के तहत प्लाटिंग अब दो एकड़ से कम जमीन पर नहीं की जा सकेगी। इसकी अनुमति नहीं होगी।

### प्लाटिंग से पहले से पूरा प्लान शो करना होगा

अब तक देखा जाता है कि कई बिल्डर प्लॉट काटने के बाद तय करते थे कि उसकी कुल जमीन में कौन से हिस्से में कौन सा निर्माण करना है, लेकिन नए नियम के तहत अब प्लॉट काटने से पहले अपने पूरे प्लान को शो करना होगा कि कौन से क्षेत्र में सड़क, व्यावसायिक काम्पलेक्स, गॉर्डन या अन्य का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा बाउंड्रीवॉल बनाकर वहां बोर्ड भी लगाना होगा।

### शहरभर से 3242 लोगों ने नाली जाम और नाला सफाई की समस्या बताई

कूड़ा निपटान की शिकायत दूसरे नंबर पर

# निदान 1100 में 1 माह में 7 हजार से ज्यादा कॉल सबसे ज्यादा शिकायतें नाला-नाली सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम जनता की समस्या का त्वरित निदान करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा खोले गये निदान 1100 में शिकायतों का अंबार है। सबसे ज्यादा शिकायतें नाला-नालियों की सफाई और कूड़ा के निपटान को लेकर मिली है।

पिछले एक माह में सबसे ज्यादा नाला-नालियों को लेकर शिकायतें लोगों ने खुलकर कीं। शहरभर से 3,242 कॉल नाला और नाली में गंदे पानी की निकासी को लेकर दर्ज कराई, शिकायतों की फेहरिस्त में दूसरा कूड़ा निपटान में कोताही को लेकर लोगों ने की। वहीं जल आपूर्ति की समस्या भी लोगों के लिए परेशानी का कारण रही। इसके लिए शहर के अलग-अलग इलाकों से 536 लोगों ने कॉल कर जल विभाग से पानी की किल्लत दूर करने मदद मांगी। कुल मिलाकर लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही। शहरवासियों की निगम से जुड़ी समस्या का त्वरित निवारण करने महात्मा गांधी सदन में ऑनलाइन शिकायत प्रणाली निदान 1100 की व्यवस्था नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने की है। इस सेंटर में शहर के किसी भी इलाके से लोग घर बैठे अपनी समस्या फोन पर 24 घंटे ऑनलाइन बता सकते हैं। जनशिकायत की ऑनलाइन निवारण प्रणाली के तहत लोगों से प्राप्त शिकायतों को संबंधित सेंटर से सीधे उस जोन के विभागीय अधिकारी के पास भेजने की व्यवस्था है। इसके बाद भी लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही। 6 जून 2025 से 6 जुलाई 2025 तक निदान 1100 में अलग-अलग जगहों से 7,499 लोगों ने कॉल कर ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराईं। इसमें से 6,659 शिकायतों का समय रहते निराकरण किया गया,जबकि 840 शिकायतें अभी भी लंबित हैं।




### विभागवार प्राप्त शिकायतों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| नाला और नाली सफाई | 3,242 |
| सालिड वेस्ट मैनेजमेंट | 1,395 |
| जल आपूर्ति | 596 |
| मृत पशु उठाने से संबंधित | 166 |
| डोर टू डोर कचरा कलेक्शन | 478 |
| गाय व कुता पकड़ने | 258 |
| फागिंग | 161 |
| भवन अनुमति | 65 |
| स्ट्रीट लाइट | 425 |
| सीवर लाइन | 42 |

इसके अलावा फायर, पाल्यूशन, लोक निर्माण, पेंशन, प्राइवेट सेप्टिक टैंक और राशनकार्ड के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुईं।

# लभांडी और फुंडहर की पानी टंकी का अधूरा काम होगा अब पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के आउटर वार्ड के रहवासियों को लभांडी और फुंडहर में बनाई गई नई पानी टंकी से पीने का साफ पानी मिलेगा। टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने नगर निगम को अब पंद्रहवें वित्त आयोग मद से राशि मिलेगी। इसके लिए निगम ने 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास भेजा था। लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी का अधूरा काम अब जल्द शुरू होगा। तीन साल से फंड नहीं होने से लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने राइजिंग लाइन बिछाने का काम अटका रहा। अब इंटर कनेक्शन का काम शुरू होने के साथ ही स्कॉडा सिस्टम विकसित करने और घरों में वाटर मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी। पंद्रहवें वित्त आयोग के जल घटक से इस कार्य के लिए 48 करोड़ रुपए नगर निगम को मिलेंगे। नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के दोनों गांव लभांडी और फुंडहर के रहवासी अब तक बोरवेल और कुंये के भरोसे हैं। नई पानी टंकी शुरू होने से पानी की समस्या नहीं होगी।


फाइल फोटो

- पंद्रहवें वित्त आयोग से मिलेगी 48 करोड़ की राशि
- नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ा जाएगा, डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछायेंगे

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने रखा जया पार्वती का व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सखी सहेली महिला स्व सहायता समूह महिलाओं ने जया पार्वती का व्रत रखा गया। जिसमें माता पार्वती की पूजा अर्चना की गई। इस दिन जया पार्वती व्रत भगवान शिव और मां पार्वती के स्वरूप जया को समर्पित व्रत है। यह व्रत सुहागिन महिलाएं रखती हैं। इससे सुहागिन महिलाओं ने जया पार्वती व्रत की कथा सुनाई। इस दौरान प्राची चंद्राकर, राधिका वैष्णव दुर्गा, निर्मला कलिंद्री, गुंजा, खेमीन, मीना, लछवंतीन आदि मौजूद रहे।



### बैंकिंग क्षेत्र में कैरियर के लिए दिया गया मार्गदर्शन

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज में बीए, डी फार्मेसी, बीए, बीएससी, बीकाम, पीजीडीसीए, डीसीए, योग एंड डिप्लोमा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक के छात्रों के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी जैन, रोहित फील्ड मैनेजर स्टेट बैंक, नितिन संगवी मुख्य प्रबंधक द्वारा एक विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैंकिंग क्षेत्र में नौकरी की संभावनाओं, चयन प्रक्रिया, परीक्षा की तैयारी तथा बैंक में कार्यरत होने के लाभों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि आज के युग में बैंकिंग क्षेत्र एक स्थायी सम्मानजनक एवं विकासशील करियर विकल्प है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा प्रारूप, साक्षात्कार की रणनीतियां तथा आवश्यक कौशलों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक तारा चंद्राकर, प्राचार्य डॉ अंकित चंद्राकर, समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में बीएड प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने प्रश्नों के समाधान भी प्राप्त किए। प्राचार्य डॉ अंकित चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

## लगातार बारिश के बाद धान रोपाई का कार्य शुरू



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम नयापारा कला पिथौरा क्षेत्र में लगातार झमाझम बारिश हो रही है। इससे जहां मौसम सुहाना हो गया। वहीं धान फसल की तैयारी में जुटे किसानों को चेहरे खिल उठे। दो दिन से हो रहे बारिश के साथ खेती किसानी कार्य में तेजी आई है। धान रोपाई का कार्य शुरू हो गया है। अच्छी बारिश के साथ खेतों में रोपाई कार्य तेजी से जारी है।

## क्षेत्र में दो दिनों से आषाढ़ में लगी सावन की झड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मानसून सक्रिय होने से क्षेत्र में दो दिनों से यानी रविवार और सोमवार को रात दिन भर रुक रुक कर बारिश होती रही है, इससे खेत खलिहान लबालब भर गए। इसके चलते रोपाई कार्य बाधित रहा। अब किसानी कार्य जैसे रोपा बियासी में तेजी आएगी। कुछ किसान नांगर बैल से बियासी करते नजर आए। द्रोणिका के असर से क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई। अभी भी क्षेत्र में अधिकांश किसानों ने धान की बोनी नहीं कर पाये है, जो बारिश का इंतजार कर रहे थे। वहीं किसान खेत का मताई कर लइहारा पद्धति से धान बीज को पानी में भीगाकर अकुरंण आने के बाद बुआई कर रहे है। जो किसान पहले बुआई किए है वही किसान बियासी कर रहे है। इसी तरह कोमाखान तहसील के अंतर्गत नर्रा में लगे वर्षा यंत्र में रविवार को 54.3 और सोमवार को 58.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### चर्चा : अब तीन माह का राशन 31 जुलाई तक मिलेगा

# बारिश को देखते राहत एवं बचाव दल को सतर्क रहने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने समय-सीमा बैठक लेकर जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



सीईओ एस आलोक ने वर्षा ऋतु के चलते जिले में संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति को लेकर निर्देश दिए कि जिले के निचले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, जहाँ जलभराव या बाढ़ की संभावना अधिक है। इन क्षेत्रों की सूची तैयार कर राहत एवं बचाव दल तैनात किए जाएं। जिला प्रशासन द्वारा पंचायतों और नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि जल निकासी व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जाए तथा नालियों की समय पर सफाई सुनिश्चित हो। वर्षा के कारण कई स्थानों पर गंदे पानी का जमाव होने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। गंदे पानी के सेवन से डायरिया, टाइफाइड, हैजा, पीलिया जैसी बीमारियाँ फैल सकती हैं। मौसम को देखते हुए डायरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। लोगों से अपील की गई है कि उबालकर या फिल्टर किए हुए पानी का ही सेवन करें। जिला आपदा प्रबंधन समिति को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। आपात की स्थिति में जिला कंट्रोल रूम से दूरभाष क्रमांक 07723-223505 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बारिश सर्पदंश की संभावित खतरों को देखते हुए सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी वेनम वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ आलोक ने जिले में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कार्य एजेंसियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए हैं तथा प्रगति की नियमित रूप से जानकारी देने कहा गया। उन्होंने पीएमश्री स्कूलों में मरम्मत एवं निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों द्वारा किए गए पंजीयन का विभिन्न विभागों द्वारा आगामी एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने कहा गया है। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत डबरी निर्माण और जनभागीदारी से सोख्ता गड्ढा निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। अभी तक लगभग 04 हजार सोख्ता गड्ढा और 103 इंजेक्शन वेल के माध्यम से जल संचयन का कार्य किया गया है।

### खाद-बीज के वितरण के लिए पर्याप्त भंडारण रखें

सीईओ आलोक ने खाद-बीज वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक है। वर्तमान में 18520 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। इसका समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। निजी दुकानों में नियमित निरीक्षण करने के निर्देश एसडीएम को दिए गए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को तीन माह का एकमुश्त राशन सुरक्षित तरीके से वितरित किया जाए। खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशन वितरण का कार्य अब 31 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। सड़कों में बैठे मवेशियों के उचित व्यवस्थापन के निर्देश दिए हैं और सीएमओ को एवं ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत सचिवों को मुख्य मार्ग से मवेशियों को हटाने के निर्देश दिए। बैठक में सभी कार्यालय प्रमुखों को ई-ऑफिस के माध्यम से पत्राचार एवं शासकीय कार्यां को संचालन करने के निर्देश दिए। इस संबंध में बैठक के दौरान ही हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दिए। पीएम जनमन, स्वामित्व योजना, भू-अर्जन, नक्शा अपडेशन, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। राजस्व एवं खनिज विभाग को अवैध रेत उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# पीएम आवास की राशि जारी करने पैसे लेने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में

■ जिपं सीईओ ने जन चौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं



मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के कुल 26 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जन चौपाल में सरायपाली के हितग्राही तिलक राम ने पीएम आवास की राशि जारी करने के लिए सचिव द्वारा पैसे लिए जाने के संबंध में शिकायत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में दीनबंधु सोना ने भी शिकायत किया, जिस पर सीईओ ने उक्त मामलों में प्राथमिकता से जाँच करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा सेवक राम साहू पोटापारा पिथौरा द्वारा त्रुटि सुधार के लिए आवेदन, ग्राम पंचायत छांदनपुर के शिव मंदिर में अतिक्रमण वेणुधर थानापति द्वारा आवेदन, झलप में शासकीय भूमि अतिक्रमण संबंधी आवेदन, परमेश्वर यादव साराडीह महासमुंद द्वारा बैंक की गलत एंट्री के संबंध में आवेदन, राजकुमार भोई झगरेनडीह पिथौरा द्वारा सीमांकन के लिए आवेदन किया गया। जन चौपाल में इसके अलावा पीएम आवास योजना, अवैध अतिक्रमण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, धान खरीदी, मुआवजा राशि के साथ ही अन्य मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### ट्रक से डीजल चोरी, गश्त बढाने की मांग

**सरायपाली।** नगर में खड़े ट्रकों से डीजल चोरी होने का सिलसिला थमने का नाम हीं नहीं ले रहा है। आए दिन इस तरह की घटनाओं ने वाहन मालिकों की परेशानी बढ़ा दी है। बीते दिनों एक बार फिर बैतारी के पास एक खड़े ट्रक से लगभग 300 लीटर डीजल की चोरी हो गई। मिली जानकारी अनुसार दौलत राम अग्रवाल पिता स्व. द्वारकाप्रसाद अग्रवाल (64) निवासी वार्ड नंबर 10 ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि विगत 28 जून 2025 फो शाम 06 बजे उनका ड्रायवर रंजीत उनके ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएम 5772 को उनके दुकान बंसल आटो पार्टस बैतारी के सामने एनएच 53 रोड में खड़ा कर खाना खाकर ट्रक में ही सो गया था। अगले दिन 29 जून की सुबह लगभग 04 बजे जब वह सोकर उठा तो देखा कि ट्रक के डीजल टंकी में लगा ताला टूटा हुआ था एवं डीजल टंकी से लगभग 300 लीटर डीजल कीमत 30000 रुपए की किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। पुलिस ने ट्रक मालिक के रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।





## विधायक ने महाविद्यालय परिसर में रोपे पौधे

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह गवर्नमेंट कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक चातुरी नंद उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि वृक्षारोपण सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी सौगात है। वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह धरती मां के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। यदि हम आज एक पौधा लगाते हैं, तो भविष्य में वह कई पीढ़ियों को शुद्ध वायु, छाया और जीवन प्रदान करेगा। यह आयोजन ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और अतिथियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मोर गांव मा पानी अभियान से बढ़ा जनजागरण

### जिले में 4 हजार से अधिक सोख्ता गड्ढा एवं सौ से अधिक इंजेक्शन वेल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में जल संरक्षण को लेकर मोर गांव मा पानी अभियान अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशों के अनुरूप जिले में जन भागीदारी और विभागीय समन्वय से जल संचय के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है, जो अब मूर्त रूप ले रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से स्कूलों, आंगनबाड़ियों, पंचायत भवनों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जन सहयोग से सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है।



मोर गांव मा पानी अभियान का उद्देश्य सिर्फ जल संचय नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना भी है। सोखता गड्ढे न सिर्फ जल संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि वे मिट्टी की नमी बनाए रखने, जल प्रवाह को नियंत्रित करने और आसपास के पर्यावरण को भी संतुलित बनाए रखने में सहायक होते हैं। अब तक जनभागीदारी से कुल 04 हजार से अधिक सोखता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है और तेजी से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही 104 इंजेक्शन वेल के माध्यम से भूमिगत जल का पुनर्भरण किया जा रहा है। सोख्ता गड्ढों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर जल संचयन संभव हो पाया है। सोखता गड्ढे वर्षा जल को जमीन में समाहित करने में मदद करते हैं, जिससे जल स्तर को बनाए रखने और भूजल संसाधनों को पुनर्जीवित करने में सहयोग मिलेगा। यह एक स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### जगह-जगह हुआ स्वागत, हरि कीर्तन मंडली के छोटे बच्चों की टोली ने दी प्रस्तुति

# महांती समाज ने नगर में धूमधाम से निकाली बाहुड़ा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को भगवान जगन्नाथ, भाई बदभद्र, बहन सुभद्रा बाहुड़ा रथ में बैठकर वापस अपने धाम पहुंचे। छग करण महांती समाज द्वारा आयोजित बाहुड़ा यात्रा आषाढ़ शुक्ल एकादशी को बड़े धूमधाम से निकाला गया। दो दिवसीय बाहुड़ा यात्रा आयोजन के अंतर्गत 5 जुलाई को रात्रि 9 बजे जगन्नाथ रथ को जोशी निवास लाल दाढ़ी पारा से सुभाष नगर उत्कलवासियों के मोहल्ले से भ्रमण करते हुए सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन में लाया गया। जहां भगवान को भवन में स्थापित किया गया। रात्रि आरती के बाद देर रात तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम चलता रहा। रविवार को महाआरती के बाद जगन्नाथ भवन से बाहुड़ा यात्रा शुरु हुई। इस वर्ष पुरी के राजा गजपति महाराज के रूप में राजा बनकर प्रकाश महांती ने प्रक्रिया पूर्ण कर विधि विधान से बाहुड़ा यात्रा को प्रारंभ किया। बाहुड़ा यात्रा में महांती समाज द्वारा शानदार भजन एवं भक्तिगीत प्रस्तुत किया गया। बसना से पहुंची हरिकीर्तन मंडली के नन्हे बच्चों की टोली ने अपनी प्रस्तुति दी। रामटोली किर्तन मंडली ने अपने भक्ति गीतों से माहोल बनाया। बाहुड़ा यात्रा जगन्नाथ भवन से प्रारंभ होकर पिटियाझर रोड़, मेघ बसंत कालोनी से पुराना गंज पारा से मेन रोड चौक पहुंचा। बग्गा चौक में जय महाकाल ध्रुव कीर्तन वालों ने भस्म आरती की। बाहुड़ा यात्रा नेहरू चौक, गांधी चौक होते हुये श्रीराम जानकी मंदिर में समाप्त हुआ। माना जाता है कि भगवान जगन्नाथ के अपने ही मंदिर में प्रवेश के साथ ही भगवान विष्णु अपने शेष नाग की शैय्या पर चार माह के लिए निंद्रा में लीन हो जाते हैं एवं उसी समय चतुर्मास प्रारंभ हो जाता है। विदित हो कि चतुर्मास में कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता। बाहुड़ा यात्रा में मार्ग में भक्तों ने अपनी सेवाएं दी। मेघ बसंत कालोनी के सामने अशोक प्रिंटर्स में नास्ता चाय की व्यवस्था की गई थी। रमेश साहू ने चाय बिस्कुट एवं अन्नपूर्णा भोजनालय की ओर से चाय बिस्कुट की व्यवस्था की गई। समाज के अध्यक्ष मनोहर महांती ने सभी भक्तगणों को बाहुड़ा यात्रा में सहयोग के लिए आभार जताया।






online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

दरें:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411